FIRST LANGUAGE HINDI (01 H)

GUIDELINES

Class-X

- प्रथम भाषा हिंदी प्रश्न पत्र के कुल अंक 80 हैं। कुल समय 3 घंटे हैं।
- PART - A 60 अंकों का और PART – B 20 अंकों का है।
- PART – A के लिए 2:30 घंटे और PART – B के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित है।
- PART – A में अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया, स्वरचना और सृजनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे।
- PART – B में शब्द भंडार और व्याकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे। ये प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQs) होंगे।

<u>PART-A (60 Marks)</u>

SECTION – I (अंक: 20)

- PART – A में अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया के अंतर्गत पठित गद्यांश, अपठित गद्यांश या अपठित पद्यांश और पठित पद्यांश जैसे (3) अंश होंगे। इनके उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखना होगा।
- पठित गद्यांश उपवाचक से दिया जाएगा। इसमें (5) प्रश्न होंगे। हर एक प्रश्न के लिए (1) अंक निर्धारित है। ( 5 x 1 = 5)
- अपठित गद्यांश या अपठित पद्यांश पाठ्य पुस्तकेतर सामग्री से दिया जाएगा। इसमें (5) प्रश्न होंगे।हर एक प्रश्न के लिए (2) अंक निर्धारित हैं। ( 5 x 2 = 10)
- पठित पद्यांश पाठ्य पुस्तक में दी गई कविताओं में से दिया जाएगा।इसका भाव लिखना है। इस प्रश्न के लिए (5) अंक निर्धारित हैं। ( 1 x 5 = 5)

SECTION – II (अंक: 40)

- अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता (स्वरचना) के अंतर्गत लघु प्रश्न(ShortAnswers) होंगे। 4-5 पंक्तियों में उत्तर लिखना होगा।
- लघु प्रश्न(4) पूछे जाएँगे। इनमें से (2)प्रश्न पद्य से और (2)प्रश्न गद्य से होंगे। इन (4) प्रश्नों में से एक प्रश्न अनिवार्य रूप से कवि या लेखक परिचय से संबंधित होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए (3) अंक निर्धारित हैं। (4x 3 = 12 )

- अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता (स्वरचना) के अंतर्गत निबंधात्मक प्रश्न भी होंगे।
- निबंधात्मक (ESSAY TYPE) प्रश्नों में पद्य भाग से (2)प्रश्न, गद्य भाग से (2)प्रश्न, उपवाचक से (2)प्रश्न और विधाओं से संबंधित (2)प्रश्न पूछे जाएँगे। इन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए (7) अंक निर्धारित हैं। (4 x 7 = 28)

<u>PART – B (अंक: 20)</u>

- इसमें शब्द भंडार से संबंधित (8) बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- व्याकरण से संबंधित (10) बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- (2) प्रश्न वाक्य प्रयोग से संबंधित शब्द होंगे।

X ----- X

Blue Print

FIRST LANGUAGE HINDI

CLASS X (01H)

Table Showing Type, Number of Questions with Weightage and Choice (Tentative)

समय:3घंटे अंक: 80

| S NO | TYPE OF QUESTION | NUMBER OF QUESTIONS | CHOICE | WEIGHTAGE FOR EACH QUESTION | TOTAL MARKS | TIME ALLOCATED FOR EACH QUESTION (APPROX.) | TOTAL TIME REQUIRED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ESSAY (Included skill-based question) | 04 (10 -12 sentences) | Internal | 4 x 7 = 28 | 28 | 20 mins | 80 mins |
| 2 | SHORT | 05 (4-5 sentences) | No Choice | 1 x 5 = 5<br>4 x 3 = 12 | 17 | 15 mins<br>30 mins | 45 mins |
| 3 | VERY SHORT | 10 (1-2 sentences) | No Choice | 5 x 1 = 5<br>5 x 2 = 10 | 15 | 10 mins<br>15 mins | 25 mins |
| 4 | OBJECTIVE | 20 | No Choice | 20 x 1 = 20 | 20 | 1½ mins | 30 mins |
| | | | | Total Marks | 80 | Total Time | 180 mins |

**MODEL QUESTION PAPER – MARCH, 2023**

HINDI (First Language) – 01H

Class - X

Part A & B

(Time: 3 hours) (Maximum Marks - 80)

Instructions: -

1. Read the following question paper and understand every question thoroughly.
2. Answer all the questions as directed.
3. Part 'A' questions have to be written in the separate Answer booklet.
4. Write the answers to the questions under Part 'B' on the question paper itself and attach it to the answer booklet of part 'A'

PART – A

Time: 2 hour, 30 minutes (Marks: 60)

SECTION-I

**I. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।**

**अ. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए।**

**(5x1= 5)**

घर की ओर से पत्र पर पत्र जाते रहे कि अब उसे थोड़ा-सा समय निकालकर कभी घर भी आना चाहिए। बच्चे उसे बहुत याद करते हैं। उसे देखने भर को तरसते हैं। जो-जो हिदायतें चिट्ठियों में लिखी रहती हैं, उनका अक्षरशः पालन करते हैं। माँ को किसी किस्म का कष्ट नहीं देते; कहना मानते हैं; पढ़ने में बहुत मेहनत करते हैं । अज्जू कहता है कि बड़ा होकर वह भी पापा की तरह अफ्रीका जाएगा। इंजीनियर बनेगा। पापा के साथ खूब काम करेगा। अब वह पूरे बारह साल का हो गया है। छठी कक्षा में सबसे अव्वल आया है। मास्टर जी कहते हैं कि उसे वज़ीफ़ा मिलेगा। उसी से अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकता है। तनु अब अठारह पार कर रही है। उसका भी ब्याह करना है। कहीं कोई अच्छा-सा लड़का, अपनी जात-बिरादरी का मिले तो चल सकता है...

प्रश्न:

1. घर से आने वाले पत्रों में क्या लिखा होता था? किन्हीं दो बातों का उल्लेख कीजिए।
2. अज्जू और तनु की आयु कितनी थी?
3. बच्चे माँ के साथ कैसा व्यवहार करते हैं?
4. अज्जू की इच्छा क्या है?
5. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

**आ. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए।**

**(5x 2= 10)**

प्रत्येक विद्यार्थी अपने राष्ट्र का एक अभिन्न हिस्सा होता है। जिस राष्ट्र में वह पैदा हुआ और पढ़ लिखकर बड़ा हुआ है, जिस राष्ट्र ने उसे खाने के लिए अन्न, सोने के लिए धरती तथा जीने के लिए वायु दी, उस राष्ट्र से विद्यार्थी का प्रेम स्वाभाविक ही है। विद्यार्थी जीवन में जब देश-प्रेम के बीज पड़ जाते हैं, तो जीवन भर राष्ट्र के प्रति उसकी आस्था और विश्वास का पौधा पल्लवित होता रहता है। विद्यार्थी और राष्ट्र प्रेम का ऐसा संबंध है जैसे शरीर और आत्मा का संबंध। जिस प्रकार जीवित मनुष्य की आत्मा को उसके शरीर से अलग नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार राष्ट्र रूपी शरीर से विद्यार्थी रूपी आत्मा को जुदा नहीं किया जा सकता है। विद्यार्थी के ऊपर अपने राष्ट्र तथा मातृभूमि के बड़े उपकार हैं। वह इन उपकारों से उऋण तभी हो सकता है, जब वह अपने देश के प्रति निष्ठा बनाये रखता है।

प्रश्न:

6. राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा कौन होता है?
7. विद्यार्थी का राष्ट्र के प्रति प्रेम क्यों स्वाभाविक है?
8. राष्ट्र और विद्यार्थी की तुलना किससे की गई है?
9. विद्यार्थी देश का ऋण कैसे चुका सकता है?
10. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**इ. निम्नलिखित पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।** **(1x5=5)**

11. मैं ढूँढ़ता तुझे था, जब कुंज और वन में।
तू खोजता मुझे था, तब दीन के वतन में।।
तू आह बन किसी की, मुझको पुकारता था।
मैं था तुझे बुलाता संगीत में भजन में।।

## SECTION-II (अंक: 40)

**अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 4-5 पंक्तियों में लिखिए।**

**(4x3=12)**

12.कवि **तुलसीदास** का परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

13.कवि रामनरेश त्रिपाठी ने सुख -दुःख में कैसे रहने के लिए कहा है?

14.पर्यावरण को दूषित करने वाले लोगों को आप क्या सुझाव देंगे?

15.पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि चश्मेवाला एक सच्चा देशभक्त था?

**आ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 10-12 पंक्तियों में लिखिए। (4x7=28)**

16. 'कन्यादान' कविता में माँ की सीख से महिला सशक्तिकरण का संकेत मिलता है। सिद्ध कीजिए।

**(या)**

हरिवंशराय बच्चन ने अपनी कविता के द्वारा स्वप्न पर मुग्ध न होने के लिए क्यों सचेत किया है?

17. प्रीति मोंगा ने विशेष आवश्यकतावाले लोगों के सम्मुख एक आदर्श जीवन प्रस्तुत किया है। इस बात की पुष्टि कीजिए।

**(या)**

हालदार साहब का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।

18. प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'बड़े भाई साहब' में आपको किस भाई की भूमिका अच्छी लगी और क्यों?

**(या)**

संक्रांति पर्व पर गुड़ियों के महत्व पर प्रकाश डालिए।

19. आपके द्वारा की गई किसी यात्रा का वर्णन यात्रा-वृत्तांत के रूप में कीजिए।

**(या)**

'जल-संरक्षण' विषय पर पाँच नारे लिखिए।

**-----------------XXX----------------**

(FIRST LANGUAGE) – 01H

Class - X

**Part B**

Time: 30 minutes Marks: 20

Instructions: -

1. Answer all the questions of part-B on the question paper itself and attach it to the answer booklet 'Part A'.
2. Candidates must use CAPITAL LETTERS (A, B, C, or D) while answering the Multiple-Choice Questions.

------------------------------------------------------------------------------------

I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तरों के अक्षर दिए गए कोष्ठक में लिखिए। (18x1=18)

1. मम प्रेम-पाणि-**पल्लव**-अवलंबनीय भारत। ( )

(रेखांकित शब्द के पर्यायवाची पहचानिए।)

(A) पर्ण,अवनि (B) कोंपल,पात (C) क्षिति,निशा (D) किसलय,मार्तण्ड

2. आडंबर,जीवन को **जटिल** बनाता है किंतु स्वाभाविक गुण इसे ----बनाते हैं।( )

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए रेखांकित शब्द का सही विलोमार्थक यह होगा-)

(A) सरल (B) अधर (C) सबल (D)सहर्ष

3. निम्न में से उपसर्ग रहित शब्द है- ( )

A) विचित्र (B) विदेशी (C) सपरिवार (D) गुड़ियाँ

4. रीतिकाल के कवि पद्माकर के परिवार का वातावरण--------था। ( )

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही वर्तनी युक्त शब्द है -)

(A) कवित्वमय (B) कवीतामय (C) कवीताम्य (D) कवीतामया

5. गोभी के फूल धीरे-धीरे रेलगाड़ी के डिब्बे में पहुँच रहे थे। ( )

(वाक्य में इस शब्द की पुनरुक्ति हुई है)

(A) फूल (B) गोभी (C) डिब्बे (D) धीरे

6. मणिबद्ध नील **नभ** का विस्तीर्ण पट अचंचल था। ( )

(रेखांकित शब्द के भिन्नार्थक पहचानिए।)

(A) हीरा, रत्न (B) अंबर, व्योम(C) नीला रंग, एक रत्न(D) तालाब, आकाश

7. सही शब्दकोश क्रम पहचानिए ( )

(A) लचक, लज्जित, लतिका, लघु (B) लघु, लचक, लज्जित, लतिका

(C) लज्जित, लतिका, लघु, लचक (D) लतिका, लज्जित, लचक, लघु

8. स्वामीजी ने गजनंदन और उसके साथियों को गरम-गरम दूध पीने के लिए( )
दिया। 'दूध' शब्द है-

(A) तत्सम (B) तद्भव (C) देशज (D) विदेशी

9. समय पालन-------आदमी------जीवन-------संयम आ जाता है। ( )
(वाक्य की पूर्ति के लिए उचित कारक चिह्न हैं-)

(A) के, से, को(B) ने, के, में (C) से, के, में(D) से, को, के लिए

10. मारुत भागकर ध्वनियंत्र के **<u>समीप</u>** जाता है। ( )
(रेखांकित शब्द से बनने वाली भाववाचक संज्ञा है-)

(A) सामीप्य (B) समीपी (C) समीपत्व (D) सामीपन

11. राम ने किताब **<u>पढ़ी।</u>** रेखांकित शब्द का सही पद परिचय है - ( )

(A) क्रिया, सकर्मक, बहुवचन (B) क्रिया, अकर्मक, बहुवचन

(C) क्रिया, सकर्मक, एकवचन(D) क्रिया, अकर्मक, एकवचन

12. नेताजी **<u>सभाभवन</u>** में पहुँचे। रेखांकित शब्द का सही विग्रह है- ( )

(A) सभा और भवन (B) सभा में भवन (C) सभा से भवन (D) सभा के लिए भवन

13. **<u>नगर के गणमान्य व्यक्ति</u>** का सम्मान किया गया। रेखांकित पदबंध है- ( )

(A)संज्ञा पदबंध (B)सर्वनाम पदबंध (C)क्रिया पदबंध (D)क्रिया-विशेषण पदबंध

14. ------ मैं स्टेशन पहुँचा------- ही गाड़ी रवाना हो गई। ( )
रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प है।

(A) जो, तो (B)जब, तब (C) ज्यों, त्यों(D) यद्यपि, तथापि

15. मोहन कहानी लिखता है। वाक्य का कर्मवाच्य रूप है. ( )

(A) मोहन कहानी लिखनेवाला है। (B)मोहन से कहानी लिखी जाती है।

(C)मोहन के द्वारा कहानी लिखी जाने वाली है। (D) मोहन कहानी को लिखेगा।

16. यह सुंदर कविता है। इस वाक्य का सही विस्मयादिबोधक वाक्य रूप है - ( )

(A) हाय! कितनी सुंदर कविता है । (B) हे! कितनी सुंदर कविता है।

(C) अहो! कितनी सुंदर कविता है। (D) वाह! कितनी सुंदर कविता है।

17. सम सुवरन सुख पाकर, सुजसन थोर । पंक्ति में इस वर्ण की आवृत्ति हुई है-( )

(A) ख (B) ज (C) व (D) स

18. वेदों में स्त्री की तुलना **<u>देवी</u>** से की गई है। ( )

वाक्य का रूपांतरण प्रश्नवाचक में करने के लिए रेखांकित शब्द के स्थान पर इस शब्द का प्रयोग उचित है ...

(A)कौन (B)किस (C) उस D) कहाँ

**II. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए (2x1 = 2)**

19. आश्वासन

20. परिवर्तन

**----------X----X----------**